## सार-समाचार

### आगामी बसंती पर्व को लेकर पीथमपुर पुलिस अलर्ट, चौकी घाटबिल्लौद में फ्लैग मार्च



**पीथमपुर।** आगामी बसंती पर्व के मद्देनजर थाना पीथमपुर पुलिस द्वारा क्षेत्र में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से चौकी घाटबिल्लौद क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च चौकी क्षेत्र के मुख्य मार्गों, बाजार और संवेदनशील स्थानों से होकर गुजरा, जिससे आमजन में सुरक्षा की भावना मजबूत हो सके। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस बल पूरी वर्दी और अनुशासन के साथ पैदल भ्रमण करते नजर आया। पुलिस अधिकारियों ने स्थानीय नागरिकों, दुकानदारों और ग्रामीणों से संवाद कर उनसे सहयोग की अपील की तथा किसी भी प्रकार की अफवाह या असामाजिक गतिविधि से दूर रहने का संदेश दिया। टीआई सुनील शर्मा ने बताया किआगामी बसंती पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराना पुलिस की प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से घाटबिल्लौद चौकी क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया है। पुलिस लगातार गश्त, निगरानी और जनसंपर्क बढ़ा रही है। किसी भी प्रकार की शांति भंग करने वाली गतिविधि पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। आमजन से अपील है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, त्योहारों के दौरान भीड़भाड़, बाजारों की रौनक और धार्मिक आयोजनों को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जा रहा है। फ्लैग मार्च का उद्देश्य न केवल असामाजिक तत्वों में कानून का भय पैदा करना है, बल्कि जनता को यह भरोसा दिलाना भी है कि पुलिस हर परिस्थिति में उनके साथ खड़ी है।

### सामूहिक श्रीराम स्तुति एवं श्री हनुमान चालीसा का पाठ हुआ



**इंदौर।** नवरत्न बाग स्थित श्री विजय मारुति हनुमान मन्दिर पर महंत मंगल दास महाराज के सानिध्य में सामूहिक श्रीराम स्तुति एवं हनुमान चालीसा का पाठ हुआ। मीडिया प्रभारी प्रवीण जोशी ने बताया कि प्रति शनिवार और मंगलवार को आरती के बाद उक्त कार्य क्रम होता है। इस कार्य क्रम में बड़ी संख्या मे युवा वर्ग शामिल होता है। समापन प्रसादी वितरण से किया जाता है।

### नराकास बेंगलूरू प्रथम पुरस्कार से सम्मानित




**इंदौर ।** राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा इंदौर में आयोजित मध्य, पश्चिम एवं दक्षिणी क्षेत्रों के संयुक्त क्षेत्रीय सम्मेलन के दौरान नराकास (बैंक व बीमा) बेंगलूरू (संयोजकः केनरा बैंक, प्रधान कार्यालय) को नराकास राजभाषा सम्मान के तहत प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। समिति के अध्यक्ष श्री हरदीप सिंह अहलूवालिया, प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यकारी अधिकारी (प्रभारी) ने माननीय केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंडी संजय कुमार के करकमलों से शील्ड व सदस्य सचिव नराकास श्रीमती श्रीकला श्रीकुमार, सहायक महाप्रबंधक ने माननीय सांसद शंकर लालवाणी के कर कमलों से प्रमाणपत्र प्राप्त किया।

### सब्जी विक्रेता को मारा चाकू, आरोपी पिता पुत्र पर मामला दर्ज



**इन्दौर ।** दुकान लगाने को लेकर विवाद में मारपीट करते एक सब्जी विक्रेता को चाकू मारकर घायल कर दिया। मामले में पुलिस ने आरोपी पिता पुत्र के खिलाफ केस दर्ज किया है। मामला परदेशीपुरा थाना क्षेत्र का है। पुलिस के अनुसार लक्की वर्मा निवासी शिवाजी नगर की शिकायत पर हेमंत तोमर और उसके बेटे देवांश तोमर के खिलाफ चाकूबाजी का मामला दर्ज किया गया है। लक्की वर्मा मालवा मिल क्षेत्र स्थित एमएल टावर के पास सब्जी की दुकान लगाता है। उसने अपनी शिकायत में पुलिस को बताया कि आरोपी उसकी दुकान पर आएं और दुकान लगाने को लेकर गाली-गलौज करने लगे। जब उन्हें गाली देने से मना किया तो उन्होंने हाथ-मुक्कों से मारपीट शुरू कर दी इस दौरान देवांश तोमर ने चाकू निकालकर उसकी कमर में मारा जिससे वह घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर उसे जैसे तैसे बचाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# इंजीनियर छात्र ने होस्टल में की आत्महत्या


**इंदौर (नगर संवाददाता)।** निजी होस्टल में रहने वाले इंजीनियरिंग छात्र ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शाम को जब उसका दोस्त कमरे पर पहुंचा तो वह फंदे पर लटका मिला। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## दोस्त कमरे पर पहुंचा तो फंदे पर लटका मिला

द्वारकापुरी थाना के एएसआई रामगोपाल वर्मा के मुताबिक घटना स्कीम नंबर 71 की है। मृतक छात्र की पहचान सुरेन्द्र पिता केदार साकेत के रूप में हुई है। वह होस्टल में अपने दोस्त अंकित के साथ रह रहा था। सोमवार को अंकित किसी काम से बाहर गया हुआ था, जबकि सुरेन्द्र कॉलेज नहीं गया था। जब अंकित वापस लौटा तो सुरेन्द्र ने कमरे का दरवाजा नहीं खोला। शक होने पर उसने होस्टल संचालक को सूचना दी। दरवाजा खोलने पर सुरेन्द्र कमरे के अंदर फंदे पर लटका मिला। इसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई।

### छह माह पूर्व ही एडमिशन

सुरेन्द्र एसजीआईटीजीएस कॉलेज में इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियरिंग प्रथम वर्ष का छात्र था। उसके पिता केदार साकेत ने बताया कि करीब छह माह पहले ही बेटे ने कॉलेज में एडमिशन लिया था। परिवार में सुरेन्द्र तीन भाइयों और चार बहनों में से एक था। अगले माह उसकी बड़ी बहन की शादी भी तय है। सुरेन्द्र चंद्रोई गांव का निवासी था। फिलहाल पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है।



### बाइक ने मारी टक्कर, ली 7 साल के मासूम की मौत

इसी तरह निरंजनपुर नई बस्ती में घर के बाहर खेल रहे एक मासूम की तेज गति से से बाइक चला रहे युवक ने टक्कर मार दी। घायल बालक के परिजन एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद बाइक सवार मौके से फरार हो गया। पुलिस चालक की तलाश कर रही है।

घटना मंगलवार दोपहर करीब ×.×0 बजे लसूड़िया थानांगत निरंजनपुर नई बस्ती की है। वहां रहने वाला शिवांक पिता ज्ञानीशंकर शर्मा (7) घर के बाहर खेल रहा था तभी सामने से तेज रफ्तार में बाइक दौड़ात हुआ एक युवक आया और उसने लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए शिवांक को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही उसके मुंह और नाक से खून निकलने लगा। हादसे के बाद आसपास रहने वाले लोगों की भीड़ जमा हो गई। उसे तत्काल परिजन निजी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस अब मासूम की जान लेने वाले बाइक सवार की तलाश कर रही है। शिवांक केरियर कॉन्वेट स्कूल में दूसरी कक्षा की पढ़ाई कर रहा था।

### करंट लगने से युवक की मौत

जबकि तिलोर खुर्द में बोरिंग मशीन पर काम कर रहे युवक की करंट लगने से मौत हो गई। वह खेत में बिजली के खुले तारों की चपेट में आ गया था। पुलिस के मुताबिक मृतक का नाम शंकर पिता मारू (×0) मूल निवासी छत्तीसगढ़ है। वह बोरिंग मशीन पर मजदूरी का काम करता था। एक खेत में बोरिंग का काम चल रहा था। इस बीच वह शौच के लिए खेत के एक कोने की तरफ गया और खुले पड़े बिजली के तार की चपेट में आ गया उसे एमवाय अस्पताल ले जाया गया जहां परीक्षण के बाद डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### अलाव में गिरने से घायल दिव्यांग युवक की मौत

### आग तापते समय संतुलन बिगड़ने से हुआ था हादसा

वही ठंड के चलते अलाव जलाकर आग तापते समय संतुलन बिगड़ने के कारण दिव्यांग युवक अलाव में गिरकर बुरी तरह झुलस गया, उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया। हादसा राऊ थाना क्षेत्र के रंगवासा में हुआ। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान ×0 वर्षीय सुनील पिता राम चौहान के रूप में हुई है। वह 16 जनवरी की रात को खेत के पास अलाव जलाकर बैठा था। रात में उठने के दौरान संतुलन बिगड़ने से वह सीधे अलाव पर गिर पड़ा। गिरते ही उसके जैकेट ने आग पकड़ ली। सुनील ने बचने के लिए शोर मचाया, पड़ोसी मौके पर पहुंचे और उसे आग से बाहर निकाला। हादसे में सुनील का गला और सीना गंभीर रूप से झुलस गया था। देर रात करीब 2 बजे उसे एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया था। परिजनों ने बताया कि सुनील दोनों पैरों से ठीक से चल नहीं पाता था और मजदूरी कर अपना जीवनयापन करता था। उसकी शादी नहीं हुई थी। उसके छोटे भाई राहुल को भी इसी तरह की शारीरिक परेशानी है। हादसे के समय सुनील खेत पर अकेला मौजूद था। अस्पताल में सोमवार की देर रात उसने दम तोड़ दिया। पुलिस मर्ग कायम कर घटना से जुड़े सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

### इंस्पेक्टर के बेटे की भोपाल में मौत


इधर इंदौर के लोकायुक्त इंस्पेक्टर सचिन पटेरिया के चार साल के बेटे की भोपाल में टक्कर से मौत हो गई। बताते हैं कि ब' चा और उसकी मां आटो रिक्शा में बैठकर जा रहे थे तभी पीछे से आ रही गाड़ी ने टक्कर मार दी। ब 'ा गाड़ी से बाहर फिंका गया और सामने से आ रही दूसरी गाड़ी ने उसे कुचल दिया। गंभीर हालत में उसे अस्पताल ले गए लेकिन जान नहीं बच पाई। जिस समय टक्कर हुई पटेरिया इंदौर में ही थे। मामले में भोपाल पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### एसिड पीने से मौत

उधर गौतमपुरा में एक महिला ने पति से अनबन के चलते एसिड पी लिया। उसे गंभीर हालत में इलाज के लिए एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया। थाना गौतमपुरा पुलिस के मुताबिक मृतका का नाम अरूण पति उमेश निवासी गौतमपुरा है। परिजन के मुताबिक पिछले कुछ समय से अरूणा और उसके बैंककर्मी पति उमेश के बीच किसी बात को लेकर विवाद चल रहा थाए। कलह से वह परेशान हो गई थी। गत दिवस उसने एसिड पी लिया। उसकी हालत बिगड़ी तो परिजन तुरंत अस्पताल ले गए मगर जान नहीं बच सकी। मृतका के परिवार में एक बेटा है। पुलिस जांच कर रही है।

## अवैध फैक्ट्री से फटाका निर्माण में प्रयुक्त होने वाली विस्फोटक सामग्री जप्त

**इंदौर।** इंदौर जिले में अवैध विस्फोटक गतिविधियों के विरुद्ध जिला प्रशासन की सख्त कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में ग्राम जलोदिया पार में अवैध रूप से संचालित पटाखा फैक्ट्री पर प्रशासन द्वारा आज बड़ी कार्रवाई की गई है। बिना लाइसेंस और सुरक्षा इंतजामों के चल रही इस अवैध पटाखा फैक्ट्री को जिला प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा पकड़ा गया है। कार्रवाई के दौरान फटाका निर्माण में प्रयुक्त होने वाली बड़ी मात्रा में विस्फोटक सामग्री जप्त की गई है। यह कार्रवाई कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में की गई है।




जिले के ग्राम जलोदिया पार में अवैध रूप से पटाखा फैक्ट्री संचालित होने की सूचना जिला प्रशासन को प्राप्त हुई थी। सूचना की पुष्टि हेतु कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशानुसार अनुविभागीय दण्डाधिकारी देपालपुर राकेश मोहन त्रिपाठी, संयुक्त कलेक्टर दीपक सिंह चौहान, तहसीलदार बलवीरसिंह राजपूत एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस देपालपुर संघमित्र सम्राट एवं अन्य पुलिस विभाग व राजस्व विभाग के कर्मचारियों के साथ संयुक्त रूप से मौके का स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि उक्त स्थल पर बिना वैध अनुमति लाइसेंस के पटाखा निर्माण संबंधी गतिविधियाँ की जा रही थीं, जो नियमों के विरुद्ध हैं। सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था की दृष्टि से मौके पर कोई संसाधन उपलब्ध नही पाए गये। मौके पर सुतली के बंडल 12 बोरी-प्रत्येक में 06 नग खुले हुए करीब 20 नग, 55 प्लास्टीक ट्रे, पुस्टे के बारुद भरने की बोरी, एक प्लास्टिक की बोरी में रबड बैंड, एक बोरी में हरा कलर (सुखा), 6 सफेद पीला केमिकल पावडर, 2 बोरी पेक सल्फर पावडर, 6 बोरी टाट की जिसमें पिला केमिकल पावडर, 2 स्टील डब्बे में एल्युमिनियम पावडर, 3 प्लास्टीक की ट्रे में खुला बारुद स्थल पर पाई गई, जो कि सील किया गया तथा नियमानुसार पंचनामा तैयार किया गया। पंचनामा एवं सीलिंग की कार्यवाही पुलिस एवं राजस्व अमले की उपस्थिति में संपन्न की गई।

उक्त स्थल पर पूर्व में भी अवैध फटाका निर्माण किये जाने पर अनावेदक संजय पिता विनोद द्वारा के विरुध्द विस्फोटक पदार्थ अधिनियम 1884 के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया था।

### गलतफहमी के चलते हथौड़ी से कर दिया हमला

**इंदौर।** पडोसी ने केवल गाली देने की शंका में एक व्यक्ति के सिर पर हथौड़ी से जोरदार वार कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। जूनी इंदौर पुलिस ने मॉडर्न विलेज कॉलोनी धनगुरु पैलेस निवासी 5× वर्षीय अनिल कुकरेजा पिता हरपाल दास की रिपोर्ट पर पडोसी विशाल पिता गयाप्रसाद चौधरी के खिलाफ केस दर्ज किया है। फरियादी ने बताया कि सुबह जब नगर निगम की कचरा गाड़ी आई थी, तब कर्मचारी ने उनसे बीड़ी पीने के लिए 10-20 रुपये की मांग की। अनिल ने जब उसे पैसे देने से मना किया और वहां से जाने को कहा तो पडोसी को गलतफहमी हो गई कि वे उसे गाली दे रहे हैं। उनके घर के ऊपर पहली मंजिल पर रहने वाला आरोपी विशाल चौधरी उस वक्त अपने घर पर था। गाली देने की शंका को लेकर वह नीचे आया और विवाद करते हुए हथौड़ी से उनके सिर पर गंभीर वार कर दिया। लहूलुहान घायल को अस्पताल भेजा गया। पुलिस केस दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही है।

### आपसी विवाद में चाकूबाजी, दो घायल

**इंदौर।** पलासिया क्षेत्र अंतर्गत चिटनीश का पूर्वा, पद्मावती कॉलोनी में आपसी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। घटना में चाकू से हमला होने की बात सामने आई है, जिसमें दोनों पक्षों के लोग घायल हुए। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर अलग-अलग प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एक पक्ष की ओर से 22 वर्षीय विनोद उर्फ विवेक कैथवास ने पुलिस को दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 18 जनवरी की रात कॉलोनी में योगेश कैथवास, रोहन कैथवास, रोहित कैथवास और चांदनी ने उसके साथ विवाद किया। आरोप है कि चारों ने मिलकर उसके साथ मारपीट की और चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी गई। घायल विनोद को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। वहीं दूसरे पक्ष से 55 वर्षीय मधु कैथवास ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। मधु के अनुसार 18 जनवरी की रात करीब 11 बजे विनोद उर्फ विवेक कैथवास और उसके साथी हरीश बौरासी ने उनके साथ विवाद किया। आरोप है कि दोनों ने चाकू से हमला कर उन्हें चोट पहुंचाई और जान से मारने की धमकी दी। मामले में पुलिस केस दर्ज कर जांच कर रही है।

### उधार के रुपये मांगने पर चाकू से हमला

**इंदौर।** उधार के रुपये को लेकर हुए विवाद में चाकूबाजी का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मूसाखेड़ी आजाद नगर निवासी ×5 वर्षीय करन देवले ने कनाड़िया पुलिस को बताया कि उसने शुभम उर्फ शम्भू चौहान की मां से 250 रुपये उधार लिए थे। अग्रवाल स्कूल के गेट नंबर 10 के पास स्थित कबाड़ की दुकान पर शुभम ने उससे रुपये वापस मांगे। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर शुभम उर्फ शम्भू चौहान ने करन देवले के साथ अभद्र व्यवहार किया और जब उसने विरोध किया तो आरोपी ने कमर से चाकू निकालकर उस पर हमला कर दिया। चाकू करन के बाईं ओर सीने के नीचे लगा, जिससे वह घायल हो गया और खून बहने लगा। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया और जान से मारने की धमकी भी दी।

### दोपहिया वाहन चुराने वाला पकड़ाया

**इंदौर।** तुकोगंज पुलिस ने दोपिहया वाहन चुराने वाले शातिर बदमाश को गिर तार कर उसके कब्जे से चोरी के चार वाहन जब्त किए गए हैं। पुलिस चोरी की अन्य घटनाओं को लेकर पूछताछ कर रही है। थाना प्रभारी जितेंद्र यादव ने बताया कि मुखिबर से सूचना मिली थी कि चोरी की बाइक से एक बदमाश क्षेत्र में घूम रहा है। जानकारी लगते ही पुलिस सक्रिय हुई और घेराबंदी कर चोरी के वाहन के साथ संदिग्ध को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपना नाम विजय पिता हुकुमचंद बिजोरे निवासी अंबेडकर नगर को गिरफ्तार किया। पूछताछ करने पर उसने दोपहिया वाहन चोरी करना कबूल किया। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी के चार दोपहिया वाहन जब्त किए हैं वहीं अन्य घटनाओं को लेकर पूछताछ की जा रही है।

## सनसनीखेज चोरी- 25 तोला सोना और नकदी ले गए बदमाश

**इंदौर (नगर संवाददाता)।** महूनाका इलाके में शातिर नकबजन लाखों की सनसनीखेज चोरी कर फरार हो गए। जब मकान मालिक घर पहुंचे तो उन्हें घटना का पता चला। चोर घर में रखा 25 तोला सोना और नकदी लेकर भागे हैं। मामले में अन्नपूर्णा पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।



घटना स्थल पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने एफएसएल टीम के साथ मौके पर पहुंचकर फिंगर प्रिंट लिए और अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक महूनाका रोड पर रहने वाले बाबूलाल गेहलोद किसी काम से हाटपिपल्या सुबह गए थे। रात करीब 10.×0 बजे घर पहुंचे तो मेन गेट का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखा तो सामान बिखरा था। अलमारी देखी तो लाकर खुले हुए थे। उसमें रखा करीब 25 तोला सोना और एक लाख रूपए नकदी लेकर बदमाश फरार हो गए। जिन बाबूलाल गेहलोद के सूने मकान से बदमाश 25 तोला सोना लेकर भागे वे पान की दुकान संचालित करते हैं। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खगाले हालांकि अब तक वारदात करने वाले बदमाशों की किसी तरह की कोई जानकारी अन्नपूर्णा पुलिस को नहीं मिली है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है। थाना प्रभारी अजय नायक का कहना है कि फरियादी की रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया गया है और टीमें वारदात को अंजाम देने वाले अपराधियों की तलाश में जुटी हुई हैं।

### दहेज के लिए सताया

**इंदौर।** बाणगंगा क्षेत्र में एक विवाहिता ने दहेज की मांग को लेकर शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए पति और सास के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता अनामिका वर्मा (21), निवासी भागीरथपुरा ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी लक्की पाल से हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष द्वारा दहेज को लेकर उस पर दबाव बनाया जाने लगा। आरोप है कि पति लक्की पाल और सास रजनी पाल लगातार दहेज की मांग को लेकर उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित करते थे। विरोध करने पर उसके साथ शारीरिक दुर्व्यवहार भी किया गया। पीड़िता के अनुसार यह घटनाएं उसके ससुराल स्थित भागीरथपुरा में घटित हुईं। लंबे समय तक प्रताड़ना सहने के बाद उसने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर पति और सास के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# सगे भाइयों में मारपीट, दोनों पक्षों ने दर्ज कराया प्रकरण

**इंदौर (नगर संवाददाता)।** एयरपोर्ट रोड स्थित नेशनल पब्लिक स्कूल के पास खेत में पानी छोड़ने को लेकर सगे भाइयों के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए हैं।

## खेत में पानी छोड़ने को लेकर हुआ था विवाद

पुलिस ने दोनों की शिकायत पर अलग-अलग प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

×1 वर्षीय रविराज सिंह तंवर ने शिकायत दर्ज कराई है। रविराज के अनुसार सोमवार दोपहर वह अपने घर पर थे। उसी दौरान उनके छोटे भाई राहुल उर्फ कान्हा ने उन्हें खेत में चारा काटने जाने से मना किया। इस बात पर दोनों में कहासुनी हो गई।



आरोप है कि राहुल ने रविराज और उनकी प%ी के साथ अभद्र व्यवहार किया और पत्थर फेंककर हमला किया, जिससे रविराज के सिर और सीने में चोट आई। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी गई।

वहीं दूसरे पक्ष के राहुल उर्फ कान्हा तंवर ने पुलिस को बताया कि उसी दिन वह अपने खेत पर मौजूद था। इस दौरान उसके बड़े भाई रविराज सिंह खेत में पानी छोड़ रहे थे। राहुल ने फूलों की फसल खराब होने की आशंका जताते हुए पानी न छोड़ने को कहा। आरोप है कि इस बात पर रविराज और उनकी प%ी रचना ने उसके साथ विवाद किया और लकड़ी के डंडे से मारपीट की, जिससे उसके पैर और सीने में चोटें आईं। झगड़ा बढ़ता देख आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, जिसके बाद दोनों पक्ष अलग हुए।